





# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

## परिजनों ने दो लोगों पर हत्या का लगाया आरोप

**छतरपुर 26 जुलाई.** छतरपुर जिले के ओरछा रोड थाना अंतर्गत ग्राम ढीलापुर में शनिवार सुबह एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. 70 वर्षीय रामकिशन अहिरवार की कथित रूप से मारपीट में मौत हो गई. मृतक के परिजनों ने गंगाराम अहिरवार और गोविंदी अहिरवार पर हत्या का आरोप लगाया है.

**मकान निर्माण को लेकर जमीन पर था पुराना विवाद**

**जांच में जुटी ओरछा रोड थाना पुलिस**

> सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि जमीन को लेकर दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई थी. मामले की जांच जारी है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

मृतक के बेटे अनंतराम ने बताया कि सुबह 7.30 बजे रामकिशन अहिरवार शौच के लिए खेत जा रहे थे, तभी घर के सामने की जमीन को लेकर पहले से चल रहे विवाद में गंगाराम और गोविंदी ने उन्हें घेरकर मारपीट शुरू कर दी. अनंतराम जब मौके पर पहुंचे, तब तक पिता को गंभीर चोट पहुंचाकर आरोपी फरार हो चुके थे. गंभीर रूप से घायल रामकिशन को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. गांव के महादेव अहिरवार के अनुसार, यह विवाद उस जमीन को लेकर था, जिस पर रामकिशन मकान बना रहे थे.

# गणेश मंदिर के पुजारी पर हमले का प्रयास

## आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धार्मिक संगठन पहुंचे थाने, पुलिस ने तुरंत किया गिरफ्तार

- पुराने लेनदेन की बात पर गया था हथियार लेकर मंदिर
- मंदिर के सेवकों ने बीच बचाव कर पुजारी को बचाया

नवभारत न्यूज

**सीहोर. पुराने किसी विवाद को लेकर शहर के प्राचीन व प्रसिद्ध श्री चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी पर हमला करने धारदार हथियार लेकर पहुंच गया. इस दौरान उसने मंदिर में पुजारी के साथ गाली- गलौच करते हुए उस पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच- बचाव किया. बाद में पुजारी ने धार्मिक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मंडी थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया. पुलिस ने तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**



**सीहोर.** शनिवार को गणेश मंदिर में उस वक्त अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई जब एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर मंदिर में घुस गया था.

जानकारी के अनुसार शहर के प्राचीन श्री चिंतामन गणेश मंदिर के व्यवस्थापक पं.पृथ्वीवल्लभ दुबे के पुत्र जयेन्द्र दुबे मंदिर में पूजापाठ करते हैं. बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर जयेन्द्र दुबे जब मंदिर में मौजूद थे तभी वहां कस्बा निवासी 75 वर्षीय महेश यादव वहां पहुंचा. इस दौरान उसकी पुजारी जयेन्द्र से कुछ बातचीत हुई. फिर उसने अपने पास रखे एक झोले में से धारदार हथियार निकाला और पुजारी जयेन्द्र से गाली- गलौच करते हुए हमला करने का प्रयास करने लगा. यह देखकर मंदिर प्रांगण में प्रसाद की दुकान संचालक लोकेश सोनी वहां पहुंचा और बीच- बचाव करने का प्रयास किया तो धारदार हथियार लिए महेश ने उसे भी धक्का देकर दूर किया. महेश ने कई बार जयेन्द्र पर धारदार हथियार से हमला करने का प्रयास किया, लेकिन लोकेश सोनी व मंदिर के अन्य सेवकों की सतर्कता के चलते वह हमला करने में सफल नहीं हो सका. इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया.

बताया जाता है कि जब आरोपी महेश यादव पुजारी जयेन्द्र के साथ गाली- गलौच करते हुए हमले का प्रयास कर रहा था तब वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में उसकी करतूत कैद हो गई. इसके अलावा वहां मौजूद लोगों ने भी अपने मोबाइल में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया. इससे लोगों में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया. विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कई कार्यकर्ता मंडी थाने पहुंचे. पुजारी जयेन्द्र ने भी मंडी थाने पहुंचकर आरोपी महेश यादव के खिलाफ आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

### आरोपी को किया है गिरफ्तार

> गणेश मंदिर के पुजारी जयेन्द्र द्वारा महेश यादव के विरुद्ध आवेदन पत्र मंडी थाने में दिया था. जांचोपरांत महेश के खिलाफ अपराध धारा 296 351(2) बी एन एस 25 शस्त्र अधिनियम का प्रकरण पंजीकृत किया जाकर, आरोपी महेश यादव को गिरफ़्तार किया गया है.
>
> **अभिनंदना शर्मा,**
> नगर पुलिस अधीक्षक

### लेनदेन को लेकर बताया जा रहा है पुराना विवाद

गौरतलब है कि श्रीगणेश मंदिर के संचालन को लेकर पृथ्वीवल्लभ दुबे और व्यास परिवार में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है. न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दोनों परिवारों को एक- एक साल के लिए मंदिर की व्यवस्था का दायित्व सौंपा जाता है. आरोपी महेश यादव का कहना है कि जब दुबे परिवार का व्यास परिवार से हाईकोर्ट में प्रकरण चल रहा था तब उसने दुबे परिवार को 18 लाख रुपए दिए थे जो पृथ्वीवल्लभ दुबे द्वारा वापस नहीं लौटाए जा रहे थे. आज भी वह अपने पैसों का तकाजा करने मंदिर गया था, लेकिन जयेन्द्र ने रुपए लौटाने से इंकार कर दिया था.

## एक नजर में




### जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट से जोड़ने की मांग

**सीहोर.** जिला न्यायालय को इंदौर हाईकोर्ट से जोड़ने की मांग को लेकर पकांग्रेसजनों ने संयुक्त कलेक्टर आनन्द रजावत को ज्ञापन सौंपा है. सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसजनों द्वारा मांग की गई है कि जिले की जनता कई वर्षों जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट खण्ड पीठ से जोड़ने की मांग कर रही है. अगर शीघ्र ही जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट की खण्डपीठ से नहीं जोड़ा गया तो जनता सड़कों पर उतर कर आन्दोलन करने पर मजबूर होगी. ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ.बलवीर तोमर, निशांत वर्मा, राधेश्याम यादव, राजीव मिश्रा, राम नारायण ताम्रकार, मुकेश ठाकुर, प्रदीप पहलवान, महेश दयाल चौरसिया, आरती खंगराले, सुभाष चौहान, शरद जोशी, राजेन्द्र कुशवाह, नायाब खान, ममता शर्मा, घनश्याम जाटव, दीपक सोनकर शामिल हैं.




### पुलिस ने व्यापरियों को बताए नशे के नुकसान

**बुधनी.** नशामुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरुरी के कार्यक्रम के अंतर्गत बुधनी अनुभाग के थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान व्यापारियों सहित नागरिकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया. एसडीओपी रवि शर्मा तथा थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी द्वारा नगर के व्यापारी बंधुओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया .लोगों को जागरुक करने व नशा न करने की शपथ दिलाई गई. इसी प्रकार थाना शाहगंज में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कस्बा में व्यापारी बंधुओं और जनमानस को नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी और नशामुक्ति की शपथ दिलाई . वहीं रेहटी में भी थाना प्रभारी राजेश कहारे द्वारा लोगों को जागरुक किया गया.

### प्रायवेट विद्यालय सिलेबस खरीदने बना रहे दबाव

**हरपालपुर.** एक ओर सरकार हर बच्चा हो साक्षर का नारा देकर गरीब तबके के बच्चों की फीस माफी व नि:शुल्क किताबें उपलब्ध करा रही है वहीं दूसरी तरफ कुछ शैक्षणिक संस्थाओ में नगर की निजी संस्था संचालक व शिक्षक अभिभावकों को बाजार से महंगा सिलेबस खरीदने को मजबूर कर रहे हैं. नाम न छापने की शर्त कुछ अभिभावकों ने संस्था, संचालकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के दौरान संस्था संचालकों को विद्यालय में ही कोर्स उपलब्ध कराना चाहिए, न कि दुकानों पर कोर्स रखवाकर कमीशन बाजी करना चाहिए. ऐसे में मजबूरी में बच्चों के दाखिले के बाद अभिभावक 2 से 3 हजार रुपए का महंगा कोर्स खरीदने पर मजबूर हो रहे है. स्थानीय लोगों ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल नि:शुल्क सिलेबस उपलब्ध करायें जाने व अभिभावकों पर जबरन दबाव बनाकर बाजार से सिलेबस खरीदने को कहने वाली ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए.

### हरियाली अमावस्या पर बब्बाजी को चढ़ाया चोला

**हरपालपुर.** शनिवार को हरियाली अमावस्या पर प्राचीन सिद्ध धाम रानीपुरा जगशाला पर बजरंग बली का विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया आज रविवार को बब्बा जू के मंदिर पर भजन कीर्तन सुंदर कांड के आयोजन के बीच धर्म ध्वजा फहराया जाएगी. इस अवसर पर मंदिर स्थल पर मेले का आयोजन होता है जहां बड़ी संख्या में दुकानदार अपनी दुकानें झूले लगाते हैं. पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

### पोषण दिवस के तहत बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 230 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 69 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 37 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं.

# दोस्त बनाकर युवती से किया दुष्कर्म, वीडियो भी बनाया

- इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती करने के बाद किया था दुष्कर्म
- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मिलने बुलाता था

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा.** इंस्टाग्राम पर दोस्त बनाई युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने इंदौर से दबोचने में सफलता हासिल की है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 18 जुलाई को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पिछले 2 वर्षों से शुभम बागवान आ. मोहन बागवान निवासी इंदौर को जानती थी. उससे इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी. करीबन 2 माह पूर्व आरोपी द्वारा फरियादिया से मिलने के बहाने भैरुंदा लेकर आया और नशीला पदार्थ पिला कर उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया. जिसके पश्चात वह आए दिन पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मिलने का दबाव बनाने लगा. आखिरकार तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली. फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी. एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा टीम बनाकर तकनीकी जानकारी प्राप्त कर आरोपी की तलाश में इंदौर भेजी. जहां आरोपी शुभम बागवान गिरफ्तार कर भैरूंदा थाने लेकर आए. आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर न्यायालय पेश किया गया. जहां से आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, महेंद्र, आनंद, रविन्द्र एवं साइबर सेल की भूमिका रही.



### उर्वरकों के जिले के बाहर जाने पर रोक

**सीहोर.** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एव कृषकों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की दृष्टिगत रखते हुए जिले में उपलब्ध उर्वरकों का जिले से बाहर अनियमित रूप से ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. उप संचालक कृषि द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में समस्त उर्वरक अनुज्ञप्ति धारी विक्रेता किसी भी प्रकार जिले की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात न करें. विशेष परिस्थिति में उर्वरकों का जिले से बाहर स्थानांतरण करने की आवश्यकता होती है तो उपसंचालक कृषि से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किया जाना

# किसान को बंधक बना पीटा, जमीन कब्जे का आरोप

**छतरपुर, 26 जुलाई. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊसानिया गांव में एक किसान को दबंगों द्वारा बंधक बनाकर बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है.**

पीड़ित किसान सीताराम कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि गांव के कैलाश साहू, भूरे साहू और हल्कीबाई साहू सहित अन्य लोगों ने जबरन उसकी जमीन हथियाने की नीयत से हमला किया. पीड़ित ने बताया कि शनिवार सुबह वह खेत पर गया था, तभी आरोपियों ने उसे घेर लिया और जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाने लगे. मना करने पर प्लास्टिक के पाइप से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई, उसकी स्कूटी, मोबाइल फोन और जेब में रखे 1500 रुपए भी छीन लिए गए. सीताराम का कहना है कि मारपीट के बाद आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और अब तक उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है.





### एसपी ऑफिस में हंगामा

इस घटना से आक्रोशित होकर शनिवार दोपहर 2 बजे पीड़ित परिवार और ग्रामीण एसपी ऑफिस पहुंचे और जमकर हंगामा किया. लोगों ने मांग की कि दबंगों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए, और पीड़ित को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए. पीड़ित किसान सीताराम कुशवाहा ने बयान देते हुए बताया कि कैलाश साहू, भूरे साहू और हल्कीबाई साहू ने मुझे कहा कि जमीन उनके नाम कर दो, नहीं तो अंजाम भुगतोगे. उन्होंने मुझे पीटा, मोबाइल और पैसे ले लिए. पुलिस में शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. हमें न्याय चाहिए.

# नाले में मिला युवक का शव

**छतरपुर, 25 जुलाई. शहर के नारायणपुर रोड स्थित दक्ष कॉलेज के सामने उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति का शव बाइक सहित नाले में पड़ा मिला. मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत सूचना पुलिस को दी गई. सिटी कोतवाली थाना पुलिस व डायल-100 की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और मामले की जांच शुरू कर दी.**

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हीरालाल कुशवाहा (40 वर्ष) के रूप में हुई है. जो बोकना गांव, गुलगंज का रहने वाला था. मृतक बगौता क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था. परिजनों ने बताया कि हीरालाल शुक्रवार रात से लापता था और उनका मोबाइल भी बंद आ रहा था. सुबह तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उनकी तलाश में जुट गए थे. पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल और मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया है, हालांकि फोन बंद है. पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह दुर्घटना है या मामला कुछ और है. सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव बाइक के साथ नाले में पड़ा है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है. मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.

**बाइक भी हुई बरामद**

**शुक्रवार रात से था लापता**

**परिजन कर रहे थे तलाश**

### कॉलेज के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**सीहोर.** नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशें से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और नशे से स्वयं एवं अपने समुदाय को बचाने के लिए प्रेरित किया गया. इसके साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के बारे में भी बताया गया. इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में सीएसपी सुश्री अभिनंदना शर्मा, तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे. कार्यक्रम में सभी बच्चों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया.

**फटकार** | रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक सुदेश राय ने जिम्मेदारों को दी चेतावनी

# मरीजों को डरा-धमकाकर रेफर करने का खेल बंद करो

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर बालागुरू के सामने सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता को कड़ी चेतावनी दे दी. विधायक राय ने कहा कि आपके अधीनस्थ कर्मचारी प्रसूताओं को सामान्य डिलेवरी ऑपरेशन के लिए डरा धमका कर (यहां तो मर ही जाएगी) बोलकर भोपाल रेफर कर देते हैं. डॉक्टरों ने एक आशा कार्यकर्ता को अस्पताल का लेडी डॉन बना रखा है. किस प्रसूता का ऑपरेशन अस्पताल में होना है और किस का नहीं होना है तय वही कर रही है.

विधायक सुदेश राय ने कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार कर लो वरना अब मैं सीधे सीएम को ही शिकायत करूंगा. मैं पहले अव्यवस्थाओं को रोकने में आपकी मदद कर रहा था लेकिन अब नहीं करूंगा.

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक सुदेश राय के तीखे तेवर देखकर रोगी कल्याण समिति के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी एवं डॉक्टर सभी दंग रह गए. अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों सहित डिलेवरी के लिए आने वाली प्रसूताओं और उनके परिजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर भी विधायक सुदेश राय ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई. जिला अस्पताल में जारी अव्यवस्थाओं से उत्पन्न परेशानियों से विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर को भी अवगत कराया और अब सीधे मामला सीएम तक ले जाने की बात कहा कर सबको चौंका दिया.



रोगी कल्याण समिति की बैठक में जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं और डॉक्टरों के रिक्तपदों सहित मौसमी बीमारियों के बड़े मरीजों की सं या मलेरिया रोकथाम सोनोग्राफी मशीन दवाई इंजेक् शन ऑक्सीजन सिलेडरों के स्टॉक साफ सफाई आदि पर भी चर्चा की गई. बैठक में मुख्य चिकित्सा जिला अधिकारी डॉ सुधीर डहेरिया,रोगी कल्याण समिति के सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलामंत्री राजकुमार गुप्ता व अनेक डॉक्टर उपस्थित

### कचरे से ब्रिकेटिंग बनाने का दिया प्रशिक्षण

**आष्टा.** ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू कचरे से ब्रिकेटिंग विषयक स्टार्टअप प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सविशेषज्ञ डॉ. आकाश पटेल ने ब्रिकेटिंग तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर उत्पन्न घरेलू कचरे को ब्रिकेटिंग के माध्यम से उपयोगी ईंधन में बदला जा सकता है. इस तकनीक से पर्यावरण संतुलन में सुधार के साथ-साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार के रास्ते खुलते हैं. वहीं केके कालरा ने पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें शिक्षा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं. शिक्षा निगरानी समितियों के गठन से स्कूलों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है.